कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.12.2025

# //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय दुर्ग में स्व–रोजगार के लिए मार्गदर्शन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय दुर्ग के अर्थशास्त्र विभाग में दिनांक 29.11.2025 को स्व–रोजगार के लिए मार्गदर्शन विषय पर भूतपूर्व छात्राएँ जो स्वयं का रोजगार चला रही है। आमंत्रित कर अतिथि व्याखान का आयोजन किया गया।

छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे व्याख्यान के आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को स्वयं के अंदर छुपी प्रतिभा को पहचान कर उसे व्यवसाय का रुप कैसे दिया जा सकता है इसके लिए प्रोत्साहित करना है।

विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्ता बाखला ने भूतपूर्व छात्राओं का परिचय वर्तमान की छात्राओं से कराते हुए कहा कि ये छात्राएँ इसी महाविद्यालय की एम.ए. अर्थशास्त्र की छात्राएँ है जिन्होने स्वयं की रुचि एवं प्रतिभा को पहचान कर उसे एक व्यवसाय का नाम दिया और उससे आय अर्जित कर रही है। वैसे ही आप भी अपने अंदर की प्रतिभा को पहचान कर उसे व्यवसाय का रुप दे सकते है इससे बेरोगारी की समस्या का भी समाधान होगा।

आमंत्रित भूतपूर्व छात्रा कोमल देवांगन 2024–25 में एम.ए. अर्थशास्त्र की छात्रा रही है। जो सिलाई प्रशिक्षण संस्था चला रही है। उसने छात्राओं को सिलाई (कटिंग–टेलरिंग) के प्रशिक्षण एवं घर में ही कम लागत पर इसे कैसे शुरु किया जा सकता के सुझाव दिये।

सत्र 2020–21 में उत्तीर्ण कु. कोमल देवांगन ने उन छात्राओं को जो अर्थशास्त्र विषय में रुचि रखती है एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती है। उन्हें नेट–सेट की पढ़ाई एवं पी.एच.डी. के लिए मार्गदर्शन दिया।

छात्राओं ने कार्यक्रम में बहुत रुचि प्रर्दर्शित कर बड़े उत्साह से अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपक कश्यप ने किया तथा छात्राओं को प्रश्न पुछकर अपनी जिज्ञाशा शांत करने प्रोत्साहित किया। आभार प्रदर्शन डॉ. कमलेश चेलक ने किया।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : **01.12.2025**

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय दुर्ग में स्व–रोजगार के लिए मार्गदर्शन










**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)